प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 62/2026)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"भारत में पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क के प्रसार" विषय पर जारी परामर्श पत्र में टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियाँ प्राप्त करने की तारीख बढ़ाया जाना ।

नई दिल्ली, 22 मई 2026 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 27 अप्रैल 2026 को **"भारत में सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क के प्रसार"** विषय पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथियाँ क्रमशः 25 मई 2026 और 08 जून 2026 निर्धारित की गई थी।

2. टिप्पणियां प्रस्तुत करने की तिथि बढ़ाए जाने हेतु उद्योग संघों और हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः **1 जून 2026** और **15 जून 2026** तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां इलेक्ट्रॉनिक रूप से advbbpa@trai.gov.in पर और उसकी प्रति jtadvbbpa-1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती है। किसी भी स्पष्टीकरण / जानकारी के लिए, डॉ. अब्दुल कयूम, सलाहकार (ब्रॉडबैंड और नीति विश्लेषण), भादूविप्रा से टेलीफोन नंबर 91-11 20907757 पर संपर्क किया जा सकता है।

अतुल चौधरी 22/5/26

(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव, भादूविप्रा